शनिवार
01 अक्टूबर 2022



पृष्ठ 4
## हिचकी की वजह उतनी ही जितने उसे रोकने के नुस्खे



पृष्ठ 5
## सैफ के साथ काम करने में बेहद सहज हैं राधिका आप्टे



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 233
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होती और जागते रहने से भय नहीं होता।

— चाणक्य

# पूर्व आईएएस यादव पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज

विशेष संवाददाता

देहरादून। आय से अधिक संपत्ति जमा करने के मामले में जेल में बंद उत्तराखंड के पूर्व आईएएस अधिकारी रामविलास यादव की मुश्किलें अब और अधिक बढ़ गई हैं। विजिलेंस जांच के आधार पर अब ईडी ने रामविलास यादव पर मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व आईएएस अधिकारी रामविलास यादव पर उनके रिटायरमेंट से चंद दिन पूर्व विजिलेंस ने जांच करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। रामविलास यादव पर आय से 600 गुना अधिक कमाने का आरोप है। रामविलास यादव को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले की जांच जब विजिलेंस द्वारा की जा रही थी तभी इस बात का खुलासा हुआ था कि उन्होंने अपने सेवाकाल में अवैध तरीके से की



गई कमाई से गाजियाबाद, लखनऊ और गाजीपुर में अनेक परिसंपत्तियों बनाई हैं। विजिलेंस टीम द्वारा की गई जांच के

### ❑पत्नी और बेटी भी सह अभियुक्त
### ❑जप्त की जाएगी परिसंपत्तियां

आधार पर हुए खुलासे के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा रामविलास यादव के खिलाफ मनी लांड्रिंग का केस दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि विजिलेंस जांच में पता चला था कि उनकी पत्नी और बेटी के नाम से भी बहुत सारी परिसंपत्तियों बनाई गई हैं। पूछताछ में इसकी जानकारी खुद रामविलास यादव द्वारा दी गई थी कि इनके बारे में वह कुछ नहीं जानते उनकी पत्नी जानती है इसलिए वही बता सकती है। विजिलेंस टीम ने उनकी पत्नी से पूछताछ की। आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में यादव अभी भी जेल में बंद है। ईडी द्वारा अब उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग का जो केस दर्ज किया गया है उसमें उनकी पत्नी कुसुम यादव तथा बेटी शिवांगी यादव को भी आरोपी बनाया गया है। ईडी द्वारा अब इस केस की जांच की जाएगी कि उन्होंने किन स्रोतों से कमाई की और उसे कहां कहां छुपाया। ईडी अब उनकी अवैध तरीके से बनाई गई परिसंपत्तियों को भी जप्त करेगी जो लखनऊ, गाजीपुर और गाजियाबाद में बताई गई है।

# केदारघाटी में 10 दिन के अंदर तीसरी बार एवलांच

विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के ऊपर ऊंची पहाड़ियों में बार-बार सामने आ रही एवलांच की घटनाओं से हड़कंप मचा हुआ है। आज प्रातः एक बार फिर केदारधाम के ऊपर पहाड़ से जब लोगों ने बर्फ फिसलने के नजारे को देखा तो वह सहम गए। बीते 10 दिनों से केदारघाटी में यह एवलांच की तीसरी घटना है। बार-बार घटित हो रही इस एवलांच की घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं आम है। आम लोग जहां इन घटनाओं को आने वाले भविष्य के लिए एक बड़ा खतरा मान रहे हैं वहीं भू वैज्ञानिकों द्वारा इसे एक सामान्य प्रक्रिया बताया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीते 22 सितंबर और 27 सितंबर को भी केदारधाम के ऊपर ऊंची पहाड़ियों से बर्फ के पहाड़ को तेजी से गिरते और नीचे की ओर आते देखा गया था जिसका वीडियो भी सामने आया था। आज सुबह स्थानीय समय के अनुसार 6:40 बजे एक बार फिर बर्फ के पहाड़ को गिरते हुए लोगों



### ●वैज्ञानिकों ने बताया सामान्य घटना
### ●आम लोग अनहोनी के डर से सहमे

ने देखा तो वह इसे देखकर सहम गए। इसकी सूचना शासन-प्रशासन तक पहुंची तो इस पर चिंतन मंथन भी शुरू हो गया।

इस बाबत जब वाडिया इंस्टीट्यूट के भू-विज्ञानिक डी पी डोभाल से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि ऊंचाई वाले पहाड़ों पर इस तरह की घटनाएं आम बात है उनका कहना है कि 50 हजार से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में आमतौर पर पहाड़ पर पड़ी बर्फ की परतें इस तरह से फिसलने लगती हैं। उनका कहना

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# सैंडल में 4.9 करोड़ की कोकीन छिपाकर ले जा रही महिला मुंबई एयरपोर्ट से गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स ने 490 ग्राम कोकीन ले जा रही एक यात्री को पकड़ा है, जिसकी कीमत 4.9 करोड़ रुपये है। इसे वह अपनी सैंडल में बनाई गई एक विशेष छेद में छिपाकर रखा गया था। मामले में यात्री को गिरफ्तार कर लिया गया और उसे न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। इससे पूर्व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक बोलीवियाई महिला को 13 करोड़ रुपये मूल्य की 3.2 किलोग्राम 'ब्लैक कोकीन' के साथ गिरफ्तार किया।

एनसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि कि बोलीविया की महिला को सोमवार को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से ब्राजील से लाया गया प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद एनसीबी ने नाइजीरिया के एक नागरिक को गोवा से गिरफ्तार किया जिस पर विभिन्न राज्यों में मादक पदार्थ की आपूर्ति करने का आरोप है। कोकीन में अन्य पदार्थ मिलाकर उसे काला (ब्लैक) कोकीन बनाया जाता है ताकि धातु मोल्ड के रूप में या किसी और स्वरूप में उसकी तस्करी की जा सके और मादक पदार्थ रोधी एजेंसियों की नजर से बचाया जा सके। बता दें कि इस खेप की कीमत 13 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

# पीएम मोदी ने देश में लॉन्च किया 5जी सर्विस

नई दिल्ली। भारत में आज 5जी सर्विस लॉन्च हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत में 5जी सर्विस लॉन्च कर दी है। इस मौके पर केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव भी मौजूद रहे। पहले फेज में भारत के 13 शहरों में 5जी सर्विस की शुरुआत हो रही है। पहले फेज में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, गांधीनगर, गुरुग्राम, हैदराबाद, जामनगर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे में 5जी की सेवा शुरू होगी। इस बीच बिजनेसमैन मुकेश अंबानी ने कहा कि जियो दिसंबर 2023 तक पूरे भारत में 5जी सेवाएं शुरू करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि भविष्य की वायरलेस टेक्नोलॉजी को डिजाइन करने में, उससे जुड़ी मैन्युफैक्चरिंग में



भारत की बड़ी भूमिका होगी। 2जी, 3जी, 4जी के समय भारत टेक्नोलॉजी के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा। लेकिन 5जी के साथ भारत ने नया इतिहास रच दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 5जी के साथ भारत पहली बार टेलीकॉम टेक्नॉलजी में ग्लोबल स्टैंडर्ड तय कर रहा है। भारत लीड कर रहा है। आज इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाला हर व्यक्ति इस बात को समझ रहा है कि 5जी, इंटरनेट का

### ❑पहले फेज में हो रही है 13 शहरों में 5जी सर्विस की शुरुआत

पूरा आर्टिटेक्चर बदलकर रख देगा। डिजिटल इंडिया की बात करते हैं तो कुछ लोग समझते हैं ये सिर्फ एक सरकारी योजना है। लेकिन डिजिटल इंडिया सिर्फ एक नाम नहीं है, ये देश के विकास का बहुत बड़ा विजन है। इस विजन का लक्ष्य है उस तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाना, जो लोगों के लिए काम करे, लोगों के साथ जुड़कर काम करे।

दून वैली मेल
संपादकीय

# अब 5-जी का युग शुरू


विकासशील से विकसित देशों में भारत को लाने की अवधारणा के साथ आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली में आयोजित इंडिया मोबाइल कांग्रेस कार्यक्रम में 5-जी सेवा का शुभारंभ किया गया। आज के इस दिन को खास बताते हुए अनिल अंबानी ने कहा कि इससे छात्र-छात्राओं को हाई क्वालिटी इंटेलिजेंसी और एज्यूकेशन मिल पाना संभव होगा तथा हेल्थ केयर सेवाओं में अप्रत्याशित तेजी आएगी। अभी विश्व में कम ही देश ऐसे हैं जहां 5-जी टेक्नोलॉजी पहुंच सकी है। भारत में अब तक 4-जी टेक्नोलॉजी थी जो अब बीते कल की बात हो चली है। देश के 13 शहरों में आज से 5-जी सेवाएं उपलब्ध हो गई है जिनमें दिल्ली, मुंबई और हैदराबाद जैसे शहर शामिल हैं। पूरे देश में 5-जी सेवा के विस्तार के लिए 2 साल का समय लक्ष्य रखा है गया है सब कुछ योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा तो 2025 के अंत तक देश में हर शहर और हर गांव तक 5-जी पहुंच जाएगा। जहां तक बात इस 5-जी की विशेषताओं की है तो उसकी अनलिमिटेड स्पीड सबसे बड़ी विशेषता है। यानी कि आप अपने मोबाइल फोन पर अब पलक झपकते ही कुछ भी डाउनलोड कर सकते हैं। 4-जी की तुलना में इसकी स्पीड भले ही कई गुना ज्यादा बताई जा रही हो लेकिन यह उससे भी अधिक होगी जिसकी तुलना 4-जी से नहीं की जा सकती है। अब तक उपभोक्ताओं को जो कॉल ड्रॉप की समस्या होती थी वह भी अब नहीं होगी। 5-जी आपको इससे मुक्ति दिलाएगा। अब आप एचडी वीडियो कॉलिंग का लुत्फ उठा सकेंगे। इसकी तस्वीर एकदम साफ होगी इसके अलावा 5-जी में बहुत कुछ होगा। लेकिन इसके लिए आपको अब खर्च भी अधिक करना पड़ेगा। 5-जी हर एक मोबाइल में नहीं चलेगा इसके लिए आपको 5 बैंड वाला मोबाइल भी खरीदना पड़ेगा और 4-जी की तुलना में 5-जी के इस्तेमाल के लिए आपको रिचार्ज पर अधिक पैसे खर्च करने पड़ेंगे। मोबाइल उद्योग को इससे बढ़ावा मिलना स्वाभाविक ही होगा। हालांकि अभी यह सवाल भी उठ रहा है कि देश में कितनी ऐसी आबादी है जो 5-जी मोबाइल का खर्च वहन कर सकती है। 5-जी का लाभ तो आम आदमी तभी उठा सकेगा जब यह उसकी क्रय क्षमता के दायरे में होगा। लेकिन यह भी सच है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने जब देश में कंप्यूटर को लांच किया था तब भी कहा गया था कि कितने लोगों तक पहुंचेगा। सब काम कंप्यूटर से होगा तो आदमी क्या करेगा लोग बेरोजगार हो जाएंगे आपने चिट्ठी चली युग भी देखा है और वह दौर भी देखा है जब टेलीफोन यूजर्स एक प्रतिशत से भी कम था। वह युग भी देखा है जब एसटीडी पर लोग लाइन में खड़े होते थे और आज हर मजदूर तथा रेडी पटरी पर काम करने वालों के हाथों में भी हम एंड्राइड मोबाइल देख रहे हैं। गति ही प्रगति का प्रतीक है इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता है। वर्तमान युग डिजिटल क्रांति का युग है जिसमें गति का महत्व सबसे अधिक है यह बात अलग है कि सिर्फ 5-जी लाकर हम हर क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन नहीं ला सकते हैं जो देश को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा कर सके इसके लिए अन्य तमाम क्षेत्रों में भी 5-जी जैसी गतिशीलता जरूरी होगी।

# 'उत्तरकाशी जिले के डोडीताल को माना जाता है गणेशजी का जन्म स्थान'

●लोकेन्द्र सिंह बिष्ट

आज आपको लिए चलते हैं भगवान श्रीगणेश जी के जन्मस्थान पर। जी हाँ! उत्तरकाशी जिले के डोडीताल को ही गणेशजी का जन्म स्थान माना जाता है। इतिहास अनुसार अनुमानत 9938 विक्रम संवत पूर्व भाद्रपद माह की शुक्ल चतुर्थी को भगवान गणेश का मध्याह्न के समय जन्म हुआ था। पौराणिक मत के अनुसार उनका जन्म सतुयग में हुआ था।

स्वामी चिद्मयानंद जी के गुरु रहे स्वामी तपोवन महाराज जी ने मुद्गल ऋषि की लिखी मुद्गल पुराण के हवाले से अपनी किताब हिमगिरी विहार में भी डोडीताल को गणेश का जन्मस्स्थल होने की बात लिखी है। भगवान श्रीगणेश जी के जनस्थान होने के साथ साथ माँ गँगा जी व माँ यमुना जी का भी जन्मस्थान होने के साथ साथ उत्तरकाशी अपने आप में प्रकृति के भी कई रंग रूप लिए हुए है। या यूँ कहें कि प्रकृति ने उत्तरकाशी जिले को दिलखोलकर प्राकृतिक सौंदर्य दिया है। प्राकृतिक सौदर्य के अथाह भंडार से उत्तरकाशी की गोद भरी है। खूबसूरत हिमालय से लेकर, गाड गदेरे, नदियाँ, झीलें,तालाब, झरने,



मखमली घास के बुग्याल, जल जंगल, हरियाली, हिम चोटियाँ, दिव्य जड़ी बूटियां, दिव्य औषधियाँ, दुर्लभतम वन्य जीव जंतु, पशु पक्षी, जलीय जीवन और खनिज संपदा के अपर भंडारों से उत्तरकाशी को संजोया और सजाया है।

धार्मिक पर्यटन के लिए गंगोत्री धाम व यमुनोत्री धाम तो विश्वभर में प्रसिद्ध हैं ही, यदि अगर आप ट्रैकिंग करने के शौकिन हैं तो उत्तरकाशी में कई आकर्षित करने वाले ट्रेक रुट, उच्च और मध्य हिमालय ट्रेक भी मौजूद हैं। इन्हीं में से एक है डोडिताल जो ट्रेकिंग के लिए दुनियाभर में सबसे बेहतरीन जगह है। प्राकृतिक झरने व चश्मे, घने व हरे-भरे जंगल, दुर्लभ पक्षियों को देखने व दुर्गम पहाड़ों पर चढ़ने की चुनौती देने वालों के लिए यह पसंदीदा स्थान है। डोडीताल समुद्रतल से 3307 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है।

डोडीताल देश और विदेशीपर्यटकों और स्कूली छात्रों का पसंदीदा ट्रैक है। माँ गँगा की सहायक नदी असी गंगा का उदगम ही डोडीताल झील है। इस विशाल डोडीताल झील में दुनियां की सबसे महंगी और पसंदीदा दुर्लभ मछली ट्राउट की मौजूदगी इसके आकर्षक को और बढ़ा देता है।

उत्तरकाशी जिले मुख्यालय से 20 किमी मोटर से अगोड़ा तक तथा यहां से बेवरा, छोटी व बड़ी उड़कोटी, मांझी वन होते हुए 20 किमी ट्रैकिंग कर डोडीताल पहुंचते है। पहाड़ी होने के चलते डोडीताल का पैदल रास्ता जोखिमभरा बना रहता है। डोडीताल पहुंचने पर एहसास होता है कि आप किसी जन्नत में हैं। स्वर्ग से सुंदर लगता है अपना डोडीताल।

# राम के वियोग में दशरथ ने त्यागे प्राण

संवाददाता

अल्मोडा। रामलीला में राम को वनवास देने व उनके वियोग में राजा दशरथ के द्वारा अपने प्राण देने के मंचन में कलाकारों के जीवंत मंचन ने लोगों को भावविभोर कर दिया।

आज यहां श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोडा में रामलीला महोत्सव 2022 के अन्तर्गत रामलीला का मंचन निरन्तर जारी है। जिसमें पंचम दिवस की लीला में राम का वन गमन,सुमन्त विलाप,केवट प्रसंग,वनवासिन प्रसंग,भिल्ल प्रसंग,दशरथ मरण और भरत मिलाप आदि का सुन्दर मंचन किया गया। राम की पात्र कु. दिव्या पाटनी, लक्ष्मण-किरन कोरंग, सीता-रश्मि काण्डपाल, सुमन्त-दीप पाण्डे, भरत-काव्या पालीवाल, शत्रुघ्न-दिव्यम जोशी,दशरथ-मनीष तिवारी, निषादराज-अशोक बनकोटी, केवट प्रसंग में-सन्तोष जोशी, बद्री प्रसाद कर्नाटक, अनिल जोशी, भुवनेश काण्डपाल आदि, कैकेई-हर्षिता तिवारी, कौशिल्या-मिनाक्षी जोशी, सुमित्रा-गरिमा तिवारी आदि कलाकारों ने जीवन्त अभिनय किया तथा दर्शकों एवं आन-लाईन संदेशों के माध्यम से खूब वाह-वाही लूटी। विशेषकर सुमन्त के पात्र वरिष्ठ रंगकर्मी दीप पाण्डे के जीवन्त अभिनय व विलाप के संवादों से दर्शक भावुक हो गये तथा उनके द्वारा जोरदार तालियों से सराहना करते हुये उनका मनोबल बढाया। पंचम दिवस की लीला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि हरीश सिंह कनवाल, अध्यक्ष, फुटबाल एसोसिएशन अल्मोडा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तद्पश्चात समिति के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत/अभिनन्दन किया । मुख्य अतिथि कनवाल ने अपने सम्बोधन में पात्रों/कलाकारों द्वारा निभाये जाने वाले किरदारों तथा संवादों व रामलीला मंचन में बालिकाओं/महिलाओं की भागीदारी की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुये कहा कि समिति भविष्य में भी ऐसे प्रयासों के साथ रामलीला मंचन को जन-जन तक पहुंचाने के लिये प्रयासरत रहेगी। उन्होंने कहा कि रामलीला मंचन में सिर्फ पुरूष ही अभिनय करें और महिलायें नहीं ऐसी पाबंदियों और मिथकों को आज महिलाओं ने मंच के माध्यम से अपने सफल अभिनय व संवाद के द्वारा तोड दिया है और इस मंच के माध्यम से बालिकाओं/महिलाओं को अभिव्यक्ति की आजादी मिल रही है और उनका आत्मविश्वास निरन्तर बढ रहा है । श्री कनवाल ने समिति के संरक्षक/संयोजन बिट्टू कर्नाटक की सराहना करते हुये उन्हें रामलीला के सफल नेतृत्व के लिये बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन गितांजलि पाण्डे द्वारा किया गया।

# जन्मदिन पर पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूडी को सीएम धामी ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल (से.नि.) भुवन चंद्र खंडूडी का जन्मदिन विधान सभा अध्यक्ष के शासकीय आवास पर धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अपने पिता की दीर्घायु की कामना के लिए हवन यज्ञ कर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी सहित कई बड़े नेताओं एवं संगठन के पदाधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष के आवास पर पहुंचकर मेजर जनरल भुवन चंद खंडूडी को अपनी बधाई व शुभकामनाएं दी। जन्मदिन के मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ने अपने परिवार सहित केक काटकर अपने पिता का जन्मदिन मनाया।



इस दौरान स्पीकर आवास पर सुबह से ही शुभकामना देने के लिए नेताओं एवं लोगों का जमावड़ा लगा रहा। इस दौरान भुवन चंद खंडूडी के बेटे मनीष खंडूडी भी मौजूद रहे।

नू मे हवमा शृणुतं युवाना यासिष्टं वर्तिरश्विनाविरावत्।
धत्तं रत्नानि जरतं च सूरीन्यूयं पात स्वस्तिभि: सदा न:।।

(ऋग्वेद ७-६९-८)

हे युवा स्त्री पुरुषों ! तुम उन स्थानों पर जाओ जहां पर अन्न और जल उपलब्ध हो। विद्वानों के उपदेशों को आदर से सुनो और रत्नों के समान श्रेष्ठ गुणों को अपनाओ। श्रेष्ठ विद्या को ग्रहण कर अन्य मनुष्यों का हित करो।

O young men and women ! You go to those places where food and water are available. Pay attention to the teachings of the scholars and adopt gem-like noble qualities. Benefit others by gaining true knowledge.
(Rig Veda 7-69-8)

# मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गीता भवन चौक निवासी जोगेन्द्र सिंह बेदी ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घर के पास खडा हुआ था तभी वहां पर मनजीत सिंह चावला, उसका पुत्र कुलवंत सिंह, अपने साथ विनोद, चेतन उर्फ मोंटी व आशु के साथ वहां पर आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कराया तो वह उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# चोरी के सामान के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। दुकान का ताला तोड वहां से कटर चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैनाल रोड निवासी प्रशान्त गोयल ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसकी दुकान का ताला तोडकर वहां से एक कटर सेट चोरी कर लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो सुराग हाथ लग गये जिसके आधार पर पुलिस ने क्षेत्र से दो लोगों को चोरी के कटर के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम सन्नी पुत्र लक्खी निवासी देवबंद सहारनपुर व इन्द्रजीत पुत्र सुधीर सिंह निवासी बिजनौर बताया।

# घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार भरत विहार निवासी विकास ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नाबालिग से छेडछाड करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने नाबालिग से छेडछाड करने वाले को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव कालोनी गोविन्द गढ निवासी महिला ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पडोस में रहने वाला उत्तम सिंह उसकी नाबालिग बेटी को बाथरूम के अन्दर ले गया और वहां पर उसके साथ छेडछाड करने लगा। उसकी बेटी बडी मुश्किल से उसके चंगुल से निकलकर घर आयी और उसको सारी बात बतायी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# जान से मारने की धमकी देने का आरोप

संवाददाता

देहरादून। जंगल से लकडी काटने से रोकने पर वनकर्मी को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन बीट अधिकारी लालतप्पड अभिषेक राठौर ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह गश्त पर था तभी उसने देखा कि भगवानपुर सुलेमान पुत्र वहीद व मौसम अली पुत्र कमरूद्दीन जंगल से लकडी काटकर ले जा रहे हैं। उसने उनको रोका तो वह उसके साथ गाली गलौच करने लगे और उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग गये।

# दुकान का ताला तोडकर लाखों का सामान चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दुकान का ताला तोडकर वहां से लाखों रूपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमवाला निवासी संजय चौधरी ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया उसकी सेलाकुई बाजार में इलैक्ट्रानिक की दुकान है। आज जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा अन्दर सारा सामान अस्त व्यस्त पडा था। चोर उसके साथ से पंखा, तारे, मिक्सी सहित लाखों रूपये का सामान चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्कूटी बेचने के नाम पर ठगे 25 हजार

संवाददाता

देहरादून। इस्टाग्राम पर स्कूटी बेचने के नाम पर 25 हजार रूपये ठग लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोरखपुर आरकेडिया ग्रांट निवासी अफसरा नाज ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने इस्टाग्राम पर एक स्कूटी बेचने का विज्ञापन देखा तो उसमें दिये नम्बर पर सम्पर्क किया। फोन उठाने वाले ने अपना नाम लक्ष्मण सिंह बताया तथा स्कूटी की कीमत 25 हजार रूपये बतायी। जिसके बाद उसने लक्ष्मण सिंह के बताये खाता संख्या पर 25 हजार रूपये भेज दिये लेकिन उसके बाद से उसका फोन बंद चल रहा है तथा उसको अभी तक स्कूटी भी नहीं भेजी है। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ग्रामिणों को दी समान नागरिक संहिता के बारे में जानकारी

कार्यालय संवाददाता



चमोली। राज्य स्तरीय समान नागरिक संहिता विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा नागरिकों का पक्ष सुनने के लिए क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम निर्धारित किया गया। इसका उद्देश्य राज्य के दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को समान नागरिक संहिता की जानकारी देकर उनके सुझाव प्राप्त करना है। विशेषतौर से महिलाओं व युवाओं को इसके बारे में बताते हुए विवाह, संरक्षण, तलाक, गोद लेना, सम्पत्ति का अधिकार, आदि पर सुझाव प्राप्त कर तैयार की जाने वाली रिपोर्ट में समाहित करना है।

सदस्यों द्वारा भ्रमण का कार्यक्रम राज्य के सीमान्त गांव, माणा जनपद चमोली से आरम्भ किया गया। आज माणा गाँव में सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित की गयी। समान नागरिक संहिता के बारे में जानकारी देने के उपरान्त उपस्थित महिलाओं, पुरूषों व युवाओं द्वारा अपने क्षेत्र से सम्बन्धित रीति-रिवाजों के विषय में जानकारी दी गयी। उनके द्वारा विभिन्न मुद्दों पर सुझाव प्रेषित किये गये। इस कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा पारम्परिक वेशभूषा पहन कर प्रतिभाग किया गया।

जोशीमठ के नगर पालिका भवन में दोपहर 2 बजे से विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा बैठक आयोजित कर उपस्थित जनों के सुझाव मांगे गये। इस बैठक में महाविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, प्रबुद्ध जनों द्वारा उपस्थित हो कर अपने अमूल्य सुझाव प्रेषित किये गये। क्षेत्रीय भ्रमण में सदस्य शत्रुघ्न सिंह, मनु गौड़ व डॉ सुरेखा डंगवाल द्वारा प्रतिभाग किया गया। माननीय सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15 अक्टूबर से कुमाऊँ मण्डल के जनपदों के लिए भी प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया जा चुका है। उनके द्वारा बताया गया कि राज्य के दूरस्थ क्षेत्र हनोल, पुरोला, उत्तरकाशी आदि में क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को अपने सुझाव देने के लिए जागरूक किया जायेगा।

# नाबालिग का पीछा कर जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। नाबालिग का पीछा कर उसके साथ छेडछाड करने व विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जीवनगढ निवासी महिला ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गांव का ही अनस उसकी नाबालिग पुत्री को आते जाते तंग करता है तथा उसका पीछा कर उसके साथ छेडछाड करता है जब उसका विरोध किया तो उसने उसकी बेटी को जान से मारने की धमकी दी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अंकिता के हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर 'आप' ने दिया धरना

कार्यालय संवाददाता



नैनीताल। सरोवर नगरी के पंत पार्क मल्लीताल में आम आदमी पार्टी नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश संयोजक प्रदीप दुमका नगर अध्यक्ष शाकिर अली के नेतृत्व में अंकिता भंडारी के हत्याकांड में आरोपियों को फांसी देने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया। साथ ही आरोपियों को फांसी देने की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सत्तासीन नेताओं की मनमर्जी और दादागिरी चल रही है। उसी के चलते भाजपा के कद्दावर नेता के बेटे द्वारा उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी की हत्या कर दी गई। इतनी बड़ी घटना के बाद सिर्फ दिखावे के लिए और साक्ष छुपाने को लेकर जेसीबी चलाई गई। जब सोशल मीडिया पर मामले ने तूल पकड़ा तो प्रकरण में कार्रवाई करनी पड़ी। हालांकि इसके बावजूद भी ऐसे गंभीर मामले से जुड़े हुए अन्य आरोपितों के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से प्रकरण में तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने यहां जमकर नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर साकिर अली नगर अध्यक्ष, प्रदीप दुम्का प्रदेश प्रवक्ता, महेश आर्य नगर महामंत्री, हरीश बिष्ट, विनोद कुमार, नवीन उप्रेती, अजय कोहली, नईम अहमद निमो, सुनील कुमार, विद्या देवी, बिमला देवी, पदम सिंह राजपूत नईम, सुमन आर्य, सुरेश चंद्र, विजय शाह सहित अन्य कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन पर मौजूद थे।

# चण्डिका मंदिर क्षेत्र में चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता



बागेश्वर। गांधी जयंती से पूर्व दिवस पर जिलाधिकारी रीना जोशी के निर्देशन में पर्यटन विभाग द्वारा चण्डिका मंदिर क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। साथ ही पौधारोपण भी किया गया। इसी तरह सूचना विभाग एवं अभियोजन विभाग द्वारा कार्यालय परिसर में सफाई की गयी। वहीं जिला प्रशासन नगरपालिका, रेडक्रास, खोखा-फड़ एसोशिएशन द्वारा शहर के ठंडी सड़क क्षेत्र में झाड़ी कटान एवं सफाई का विशेष अभियान चलाया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएमओ कार्यालय व सीएचसी कपकोट परिसर में सफाई की गयी।

सफाई अभियान में नगरपालिका अध्यक्ष सुरेश खेतवाल, अपर जिलाधिकारी चन्द्र सिंह इमलाल, जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ती चन्द्र आर्या, रेडक्रास अध्यक्ष संजय शाह जगाती, सभासद प्रेम सिंह हरड़िया, वृक्ष प्रेमी किशन सिंह मलड़ा, अध्यक्ष खोखा -फड़ किशन राम, भीम कुमार, सचिव नवीन जोशी, कीड़ी देवी, सूरज, राजू, दीवान सिंह, धन सिंह, भगवान बिष्ट, आशा देवी, सबाना वेगम, महेश सिंह सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## 10 साल के बच्चे के साथ कुकर्म, इलाज के दौरान मौत

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली में कुकर्म के शिकार एक 10 साल के बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चे के साथ उसके तीन हमउम्र दोस्तों ने 12 दिन पहले इस वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी बच्चों में एक मृत बच्चे का चचेरा भाई भी शामिल है। कुकर्म के बाद उसके प्राइवेट पार्ट में हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। सभी आरोपियों की उम्र 10-12 साल है। बच्चे ने शनिवार सुबह अस्पताल में दम तोड़ दिया। लड़के की मां ने कहा कि हम उसके साथ थे और फिर कुछ डॉक्टर आए। कहा कि उसका दिल धड़कना बंद हो गया है। उन्होंने बाहर इंतजार करने को कहा और कुछ मिनटों के बाद कहा कि वह नहीं रहा। बच्चे की मां ने कहा कि डॉक्टर ने हमें शुरू में कहा था कि हम उसे अगले हफ्ते घर ले जा सकेंगे। वह अचानक कैसे मर सकता है?



18 सितंबर को पूर्वी दिल्ली में तीन नाबालिगों ने लड़के के साथ कुकर्म किया था। इसके बाद बुरी तरह से पीटा भी था। 22 सितंबर को लोक नायक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने कहा कि लड़के के प्राइवेट पार्ट में घाव इतने भीषण थे कि उन्हें 16 दिसंबर 2012 की निर्भया सामूहिक बलात्कार पीड़िता की याद दिला दी। डॉक्टरों ने पुष्टि की कि उसके गुप्तांगों में नुकीली चीजें डाली गई थीं। पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर के रहने वाले लड़के के परिवार ने कहा कि उसे 18 सितंबर की शाम को क्रिकेट खेलने के बहाने पड़ोस के कुछ लड़कों ने बुलाया था।

## 10वीं फेल फर्जी इंस्पेक्टर गिरफ्तार

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ के चारबाग और नाका के होटलों से चेकिंग के नाम पर वसूली करने वाले 10वीं फेल फर्जी इंस्पेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बंदूक जैसा दिखने वाला लाइटर भी बरामद हुआ है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने होमगार्ड विभाग में नौकरी के नाम पर भी कुछ लड़कियों से पैसे ऐंठे थे। पुलिस ने आरोपी को वर्दी के साथ गिरफ्तार किया है। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि आरोपी देवरिया के दाद्दन भटनी का रहने वाला है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि लखनऊ के नाका थाना क्षेत्र में शिकायत मिली थी कि एक व्यक्ति पिछले कई महीनों से चारबाग और नाका इलाके के होटलों में जाकर फायर उपकरण न होने का हवाला देकर संचालकों और मैनेजर को रौब में लेकर उनसे वसूली करता था। इसके अलावा उसने होमगार्ड विभाग में नैकरी लगाने के नाम पर 6 लड़कियों से भी लाखों की ठगी की।

## मिक्सर ब्लेड की धार को तेज करने के लिए अपनाएं ये तरीके

मिक्सर बड़े का रसोई उपकरण है, लेकिन कुछ महीने के बाद ही इसके ब्लेड की धार कम होने लगती है और मसाला पीसने जैसे कई कामों को करने में काफी परेशानी होती है। हम आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप आसानी से मिक्सर ब्लेड की धार को आसानी से तेज कर सकते हैं। अगर आपके मिक्सर ब्लेड की धीर कम हो गई है तो उसे तेज करने के लिए सबसे पहले मिक्सर की सफाई अच्छे से करें। इसके लिए मिक्सर में थोड़ा पानी डालकर उसे एक बार चलाएं। इससे इसके ब्लेड में फंसी चीजें आसानी से निकल जाएंगी और मिक्सर भी साफ हो जाएगा। आप चाहें तो सैंड पेपर की मदद से घर पर आसानी से मिक्सर ब्लेड की धार को तेज कर सकते हैं। इसके लिए सैंडपेपर को मिक्सर ब्लेड की धार वाली जगह पर आराम-आराम से कुछ देर के लिए अच्छे से रगड़ें। इसके बाद बीच-बीच में पानी को मिक्सर ब्लेड की धार वाली जगह पर कुछ बूंद में गिराते रहें और सैंडपेपर से रगड़ते रहें। इससे मिक्सर ब्लेड की धार पहले के मुकाबले काफी तेज हो जाएगी।


### वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


## राज्यपाल ने किया खेल महाकुंभ-2022 का शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, रायपुर से खेल महाकुंभ-2022 का शुभारंभ किया। युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित इस खेल महाकुंभ में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्रीमती रेखा आर्या और स्थानीय विधायक उमेश शर्मा काऊ भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने इस दौरान प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल मशाल सौंपकर खेल महाकुंभ का शुभारंभ करते हुए प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र और मेडल भी दिए।



इस अवसर पर राज्यपाल ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जीत का ऐसा जज्बा और जुनून रखें जो आपको बुलंदियों की ऊंचाई तक ले जाए। ऊंची सोच, ऊंचे सपने देखकर उस ओर दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि अभी से राष्ट्रीय एवं ओलंपिक खेलों की तैयारी करें। राज्यपाल ने कहा कि यह बहुत सुन्दर अवसर है जब युवाओं को खेलों के माध्यम से गांव से लेकर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ प्रदेश में बेहतर खेल वातावरण तैयार करने में उपयोगी साबित होंगे। इस तरह के खेल आयोजनों से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयन कर उन्हें आगे बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

राज्यपाल ने कहा कि खेल में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ियों को यह बात ध्यान रखनी होगी कि खेलों में केवल शारीरिक बनावट और ताकत के बल पर जीत नहीं मिलती बल्कि इसके लिए निरंतर अभ्यास, एकाग्रता और बौद्धिक क्षमता का भी परिचय देना होता है। उन्होंने कहा कि जीत की भावना से खेलें और देश एवं प्रदेश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की जिम्मेदारी उत्तराखण्ड को दी गई है जिस पर हमें खरा उतरना होगा। इसके लिए युवा अभी से अपने लक्ष्य और अपने तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करें।

राज्यपाल ने खेल महाकुंभ प्रतियोगिताओं में अधिक से अधिक युवाओं से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल महाकुंभ में विभिन्न वर्गों में प्रतियोगिताओं के साथ दिव्यांग खिलाड़ियों को विशेष अवसर दिए जा रहे है। इससे कोई भी प्रतिभा अवसरों से वंचित नहीं रहेगी जो सराहनीय पहल है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं से अपेक्षाएं और उम्मीदें अधिक है जिस पर उन्हें खरा उतरना होगा। इस अवसर पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि निश्चित ही ऐसे आयोजनों से उत्तराखंड से हुनरमंद खिलाड़ियों को चुना जाएगा। उन्होंने कहा कि यही खिलाड़ी आगे जाकर उत्तराखण्ड का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चमकायेंगे। उन्होंने कहा कि इस खेल महाकुंभ का मकसद उत्तराखण्ड के दूरस्थ क्षेत्रों में मौजूद प्रतिभा को निखार कर बाहर लाना है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्री उमेश शर्मा काऊ ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में विशेष प्रमुख सचिव श्री अभिनव कुमार, निदेशक युवा कल्याण श्री जितेन्द्र कुमार सोनकर, अपर निदेशक श्री राकेश चन्द्र डिमरी, प्रधानाचार्य राजीव गांधी नवोदय विद्यालय श्रीमती सुनीता भट्ट सहित विभागीय अधिकारी और खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले युवा उपस्थित रहे।

## हिचकी की वजह उतनी ही जितने उसे रोकने के नुस्खे

आपने भी अक्सर दादी-नानी को यह कहते सुना होगा कि हिचकी आ रही है, इसका मतलब कोई आपको याद कर रहा है। कोई कहता है कि जल्दी खाना खाने के चक्कर में जब आप खाने को ठीक से चबाकर नहीं खाते तो हिचकियां शुरू हो जाती हैं। कोई कहता है हिचकी आ रही है तो पानी पी लो, हिचकी रुक जाएगी। लेकिन आखिरकार ये हिचकी आती क्यों है, इस सवाल का जवाब वैज्ञानिकों के पास भी नहीं है।



ज्यादातर हिचकी बेहद सौम्य होती है जो महज कुछ मिनट या घंटे के लिए ही रहती है। लेकिन कई बार हिचकी, किसी गंभीर बीमारी का भी संकेत देती है। खासकर तब जब हिचकी बंद होने का नाम ही ना ले और यह कई दिनों, महीनों या सालों तक आती रहे। हिचकी आना कुछ लोगों के लिए शर्मिंदगी से भरा हो सकता है। इतना ही नहीं हिचकी की वजह से खाना खाने में दिक्कत होती है, नींद में रुकावट आती है। हर साल अमेरिका में 4 हजार लोगों को हिचकी की वजह से अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है। गिनिस वर्ल्ड रेकॉर्ड्स में चार्ल्स ऑस्बर्न का नाम सबसे लंबी हिचकी लेने के लिए दर्ज है। उन्होंने 68 साल तक लगातार हिचकी ली थी।

डॉक्टरों की मानें तो हिचकी आने की उतनी ही वजहें जितनी इसे रोकने के तरीके और नुस्खे। इसमें कोई शक नहीं कि हिचकी हर किसी को आती है और कभी भी आ सकती है लेकिन क्यों आती है इसका सटीक कारण अब तक पता नहीं चल पाया है। हालांकि वैज्ञानिकों की मानें तो हिचकी हमारे शरीर में मौजूद डायफ्राम के सिकुड़ने से आती है। डायफ्राम एक मांसपेशी है जो चेस्ट कैविटी को ऐब्डॉमिनल कैविटी से अलग करती है।

एक्सपर्ट्स की मानें तो हिचकी, रिफ्लेक्स आर्क या सर्किट होती है जिसमें वैगस और फ्रेनिक नर्व्स को शामिल किया जाता है। साथ मिलकर ये सभी नसें ब्रेन स्टेम से निकलकर पेट तक जाती हैं जिनकी ब्रांच डायफ्राम, पेट, आंत, स्प्लीन, लिवर, लंग्स और किडनी तक जाती है। ऐसे में अगर आपको इस सर्किट के रास्ते में कहीं भी किसी तरह की इरिटेशन होती है तो आपको हिचकी आने लगती है। हालांकि वैज्ञानिक अब भी इस बात से चकित हैं कि हिचकी आती क्यों है।

# केजीएफ के निर्माताओं ने जारी किया कांतारा का शानदार ट्रेलर

केजीएफ और सालार के निर्माताओं ने अपनी आगामी फिल्म कांतारा का ट्रेलर जारी किया। फिल्म का ट्रेलर, जिसमें अभिनेता ऋषभ शेट्टी मुख्य भूमिका में हैं, इस तथ्य को दूर करता है कि कहानी चंदन की तस्करी के इर्द-गिर्द घूमती है।

ट्रेलर यह आभास देता है कि फिल्म एक गहन और रोमांचक नाटक होगी। कांतारा का पार्श्व संगीत मिथकों, किंवदंतियों और अंधविश्वास की कहानी को एक साथ लाता है।बीहड़ परिदृश्य और तटीय कर्नाटक के भीतरी इलाकों में फिल्माई गई, कहानी पवित्र रीति-रिवाजों और परंपराओं, छिपे हुए खजाने और पीढ़ीगत रहस्यों की बात करती है। इसमें स्थानीय खेल और लोककथाओं का एक तत्व भी शामिल हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे लोगों के मन में डर पैदा करने के लिए पौराणिक और अलौकिक तत्व एक साथ आ सकते हैं। ट्रेलर से उम्मीद है कि फिल्म में कुछ शानदार एक्शन सीक्वेंस होंगे। कांतारा केजीएफ के निर्माता होम्बले फिल्म्स की एक और स्टनर साबित हो सकती है। फिल्म का ट्रेलर रॉक सॉलिड लग रहा है और बैकग्राउंड स्कोर के अपने खूबसूरत मिश्रण से दर्शकों को आकर्षित करता है जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है। कांतारा का निर्देशन खुद ऋषभ शेट्टी ने किया है। सप्तमी गौड़ा, जो महिला प्रधान भूमिका निभाती हैं। फिल्म में किशोर, प्रमोद शेट्टी और अच्युत कुमार भी मुख्य भूमिकाओं में हैं और विजय किरागंदूर द्वारा होम्बले फिल्म्स बैनर के तहत निर्मित है। फिल्म के लिए संगीत बी अजनीश लोकनाथ का है और छायांकन अरविंद एस कश्यप द्वारा किया गया है। फिल्म ३० सितंबर को रिलीज होने वाली है।

# कावेरी कल्याणी की फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन तेज गति से आगे बढ़ रहा हैः चेतन चीनू

चार्मी-स्टारर मंथरा-2 और राजू गरी गढ़ा जैसी तेलुगु फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाने के लिए जाने जाने वाले अभिनेता चेतन चीनू का कहना है कि उनकी अगली फिल्म की शूटिंग है, जिसे निर्देशित किया जा रहा है। अभिनेत्री कावेरी कल्याणी का काम खत्म हो चुका है और फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा है। अभिनेता, जिसे तेलुगु में लगातार अच्छे प्रस्ताव मिल रहे हैं, इस द्विभाषी फिल्म के साथ तमिल में खुद को स्थापित करना चाहते हैं, जो संयोग से एक निर्देशक के रूप में अभिनेत्री कावेरी की शुरूआत होगी। चेतन कहते हैं, अभिनेत्री कावेरी कल्याणी, जिन्होंने पुन्नगई पूव, समुथिराम और कासी जैसी समीक्षकों द्वारा प्रशंसित हिट फिल्मों में मुख्य नायिका के रूप में कई सराहनीय प्रदर्शन किए हैं, इस फिल्म के साथ निर्देशक बन रही हैं। फिल्म का निर्देशन करने के अलावा, वह इस अखिल भारतीय फिल्म का निर्माण भी कर रही है जो तमिल और तेलुगु में एक साथ बन रही है। मैं इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए खुश हूं।यह बताते हुए कि फिल्म में कुल चार नायिकाएं हैं, चेतन ने खुलासा किया कि सिद्धि इदानानी, जो गौतम वासुदेव मेनन की समीक्षकों द्वारा प्रशंसित फिल्म, वेंधु थानिंधधु काड़ु में मुख्य भूमिका निभाती हैं, फिल्म में उनके साथ जोड़ी गई नायिकाओं में से एक है।

सुहासिनी, श्रीकांत, विजय टीवी फेम पुगाज और कई अन्य कलाकार स्टार कास्ट इसका हिस्सा हैं। फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी है और पोस्ट प्रोडक्शन का काम जोरों पर चल रहा हैइसके अलावा कावेरी कल्याणी की अनटाइटल्ड फिल्म के अलावा, चेतन का कहना है कि वह विद्यार्थी का भी हिस्सा हैं, जो एक द्विभाषी फिल्म है, जो ऑनर किलिंग के इर्द-गिर्द घूमती वास्तविक जीवन की घटनाओं पर आधारित है, और एक तमिल फिल्म है जिसे एक ऑस्ट्रेलियाई निर्माता द्वारा निर्मित किया जा रहा है। (आरएनएस)

# हिना खान ने ड्रेस पहन कराया बोल्ड फोटोशूट, दिए सिजलिंग पोज

एक्ट्रेस हिना खान ने अपनी सिजलिंग अदाओं से हर किसी को मदहोश किया है. एक्टिंग की दुनिया में रखते ही उन्होंने घर-घर में एक खास पहचान हासिल कर ली थी. हालांकि, पिछले कुछ समय से वह अपने लुक्स के कारण सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं. लोग आज उनकी एक झलक के लिए बेताब रहते हैं. एक्ट्रेस भी अपने चाहने वालों के साथ अक्सर अपना नया अवतार शेयर करती रहती हैं.

हिना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. ऐसे में उनकी फैन फॉलोइंग भी तेजी से बढ़ती जा रही है. आज हिना के चाहने वाले दुनियाभर में मौजूद हैं. अब एक्ट्रेस ने फिर से अपने सभी के दिलों की धड़कनें बढ़ाते हुए इंस्टाग्राम पर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है. इन तस्वीरों में उन्हें ऑरेंज कलर की ऑफ शोल्डर शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा रहा है. हिना ने अपने सिजलिंग लुक को न्यूड मेकअप से कंप्लीट किया है. यहां उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा है. इसके साथ उन्होंने कानों में गोल्डन ईयररिंग्स पहने हैं और ब्लैक कलर की हाई हील्स कैरी की है. इस लुक में एक्ट्रेस बेहद हॉट दिख रही है. उन्होंने अपने इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने एक से एक पोज दिए हैं. हिना के वर्क फ्रंट पर नजर डालें तो उन्हें लगातार कई टीवी शोज के अलावा म्यूजिक वीडियोज, फिल्मों और वेब सीरीज में भी देखा जा रहा है. फिलहाल वह अपने अगले वेब शो सेवन वन को लेकर चर्चा में हैं. इस शो में हिना का एक अलग और सिजलिंग अवतार देखने को मिलने वाला है.

# सैफ के साथ काम करने में बेहद सहज हैं राधिका आप्टे



फिल्म 'विक्रम वेधा' में तीसरी बार सैफ अली खान के साथ नजर आने वाली अभिनेत्री राधिका आप्टे का कहना है कि वह अभिनेता के साथ काम करने में बहुत सहज हैं, सैफ के साथ वह 'सेक्रेड गेम्स' और 'बाजार' में पहले भी काम कर चुकी हैं। राधिका ने कहा, मैंने 'विक्रम वेधा' को चुना क्योंकि मुझे वास्तव में इस विषय का आनंद मिला, मैंने मूल को देखा, दक्षिण वाला। साथ ही निर्देशक बहुत अद्भुत हैं, और जिस कास्ट के लिए मुझे उनके साथ काम करने का मौका चाहिए था। सैफ के साथ काम करना बहुत अच्छा है, उनके साथ यह मेरा तीसरा प्रोजेक्ट है।

मैं उनके साथ काम करने में बहुत सहज महसूस करती हूं, और मैं वास्तव में उन्हें एक व्यक्ति के रूप में पसंद करती हूं, वह बहुत मजाकिया है और जब भी मैं उनसे मिलती हूं तो दिलचस्प बातचीत होती है।

इसके बाद उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ काम करने की बात कही।

और मैं पहली बार ऋतिक से मिली और मेरे पास उनके साथ एक दृश्य था और यह वास्तव में बहुत प्यारा था, हां। मुझे वह पसंद है जो निर्देशक फिल्म में कहने की कोशिश कर रहे हैं, मुझे उनकी शैली पसंद है और हमारा सहयोग वास्तव में एक बहुत प्यारा अनुभव था।

'विक्रम वेधा' पुष्कर-गायत्री द्वारा लिखित और निर्देशित एक एक्शन-थ्रिलर है। 'विक्रम वेधा' की कहानी ट्विस्ट और टर्न से भरी है, क्योंकि एक सख्त पुलिस वाला विक्रम (सैफ अली खान) एक खूंखार गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रोशन) को ट्रैक करने और उसका पीछा करने के लिए निकलता है।

'विक्रम वेधा' गुलशन कुमार, टी-सीरीज और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा फ्राइडे फिल्मवर्क्स एंड जियो स्टूडियोज और एक वाईनॉट स्टूडियोज प्रोडक्शन के सहयोग से प्रस्तुत किया गया है। यह फिल्म पुष्कर और गायत्री द्वारा निर्देशित और भूषण कुमार और एस. शशिकांत और रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित है। विक्रम वेधा ३० सितंबर को वैश्विक स्तर पर बड़े पर्दे पर रिलीज हुई।

# द लंचबॉक्स के 9 साल पूरे होने पर अभिनेत्री निम्रत कौर को याद आए पुराने दिन



एपिस्टोरी-रोमांस फिल्म 'द लंचबॉक्स' ने अपनी रिलीज के नौ साल पूरे किए, तो फिल्म में इला की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री निम्रत कौर ने पुराने दिनों को याद किया।

उन्होंने एक बयान में कहा, 'द लंचबॉक्स' हमेशा एक ऐसी फिल्म होगी जो मेरे दिल के करीब है। यह मेरी पहली मुख्य भूमिका वाली फिल्म थी और हर तरफ होर्डिंग थे। एक प्रसिद्ध ब्रांड था जिसने इनमें से एक को किया था उनके हस्ताक्षर फिल्म पर लगते हैं और यह मेरे लिए बेहद खास था।

याद करते हुए उन्होंने आगे कहा, मुझे याद है कि हमने दिल्ली में फिल्म की एक विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया था, जहां यह सिर्फ मैं, इरफान, रितेश बत्रा और हमारे करीबी परिवार और दोस्त थे, जो कि बहुत खास था।

दिवंगत इरफान खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी और निम्रत की मुख्य भूमिका वाली 'द लंचबॉक्स' पिछले एक दशक की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक बन गई है।

निम्रत ने अपने सोशल मीडिया पर कैप्शन के साथ एक पोस्ट भी साझा किया, जीवन का सबसे बड़ा उपहार वह है जो आपकी कल्पना से बेहतर उम्र है। मैं आप सभी को धन्यवाद देना चाहूंगी, और ऊपर के ब्रह्मांड को 9 साल पहले के इस अनमोल दिन के लिए धन्यवाद देती हूं, इसने मेरे जीवन में बहुत कुछ बदल दिया था। फिल्म के सह-निर्माता करण जौहर ने निम्रत की पोस्ट के तहत टिप्पणी की, इतनी विशेष फिल्म और आप उसमें इतने जादुई थे।

# चिरंजीवी के गॉडफादर के डिजिटल अधिकार 57 करोड़ में बिके



इंडस्ट्री के सूत्रों की माने तो निर्देशक मोहन राजा की आने वाली एक्शन एंटरटेनर के डिजिटल राइट्स, तेलुगु मेगास्टार चिरंजीवी और बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की विशेषता वाले गॉडफादर को एक ओटीटी प्लेटफॉर्म द्वारा एक फैंसी राशि के लिए खरीदा गया है।

उद्योग में अटकलें बताती हैं कि लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म, नेटफ्लिक्स ने फिल्म के डिजिटल अधिकार 57 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इस सौदे में फिल्म के तेलुगु और हिंदी दोनों ओटीटी अधिकार शामिल हैं।

गॉडफादर से काफी उम्मीदें हैं क्योंकि फिल्म में भारतीय फिल्म उद्योग के दो बड़े सितारे हैं।

मेगास्टार चिरंजीवी ने मुख्य भूमिका निभाई है, जबकि बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान 5 अक्टूबर को स्क्रीन पर हिट होने के लिए तैयार होने वाले एक्शन एक्सट्रावगांजा में एक प्रमुख भूमिका में दिखाई देंगे।

चिरंजीवी ने एक ऐसा किरदार निभाया है जिसे फिल्म में गॉडफादर कहा जाता है। गॉडफादर का किरदार जनता की नजरों से 2० साल के लिए गायब हो जाता है और फिल्म में अगले छह वर्षों में अचानक बड़ी लोकप्रियता हासिल करने के लिए लौट आता है। फिल्म में चिरंजीवी के छोटे भाई की भूमिका निभा रहे सलमान खान, जब भी उनका बड़ा भाई चाहता है, वह उनकी मदद के लिए तैयार रहते हैं। फिल्म में नीरव शाह द्वारा छायांकन और थमन द्वारा संगीत दिया गया है और यह इस वर्ष के सबसे उत्सुकता से प्रतीक्षित एक्शन एंटरटेनर्स में से एक है।

# अंकिता हत्याकाण्ड के विरोध में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला



संवाददाता

देहरादून। अंकिता हत्याकाण्ड में सरकार के इशारे पर साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाते हुए महानगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर सरकार का पुतला दहन किया। आज यहां उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के निर्देशानुसार अंकिता भंडारी की निर्मम हत्या कर शव चीला बैराज में फेंके जाने तथा सरकार के संरक्षण में साक्ष्य मिटाने को लेकर महानगर कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी द्वारा देहरादून एस्ले हॉल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। गोगी ने कहा कि अंकिता हत्याकाण्ड जैसे जघन्य अपराध राज्य में महिला सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता के पुत्र का रिसॉर्ट होने के चलते राज्य सरकार द्वारा शुरुआत से ही इस जघन्य अपराध की घटना पर पर्दा डालने का काम किया जा रहा है। सरकार के दबाव में पहले ही राजस्व पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज करने में हीला हवाली की गई तथा इसके उपरान्त रेगुलर पुलिस द्वारा 19 सितम्बर, 2022 को लापता हुई युवती की चार दिन तक भी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। उन्होंने कहा कि जब कभी भी ऐसी घटना होती है तो उस स्थान को सील कर दिया जाता है परन्तु रात के अंधेरे में बुलडोजर एवं आगजनी करके सबूतों को नष्ट करने का काम किया गया। गोगी ने कहा कि जिस वीआईपी के नाम पर अंकिता हत्याकांड को अंजाम दिया गया उसके नाम का भी खुलासा करने में सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन कतरा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार कहती आ रही है कि भाजपा शासन में प्रदेश में भय का वातावरण बना हुआ है। डॉ. जसविंदर सिंह गोगी ने इस हत्याकांड की जांच सीबीआई से कराने की मांग की तथा भाजपा सरकार से इस्तीफा मांगा एवं फास्टट्रैक कोर्ट के तहत शीघ्र फांसी की सजा हो। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से गरिमा माहरा दसौनी, गोदावरी थापली, महेन्द्र गुरूजी, सुमित्रा ध्यानी, मनीष नागपाल, नजमा खान, सुरेन्द्र सोनू, अरविन्द गुरूंग, सुनील जयसवाल, मोहन जोशी, राहुल तलवार, कुलदीप नरूला, राजेश चमोली, सोनू तोमर, देवेश उनियाल, लक्की राणा, शिषपाल बिष्ट, अनुराग गुप्ता, अनूप पासी, संजय भारती, अरुण बलोनी, राजेन्द्र दानू, शकील मंसूरी, वीरेन्द्र पंवार, अभिषेक तिवारी, आशीष नौटियाल, मनोज तलियान, जगदीश चौहान, विकास ठाकुर, अमनदीप, शिवम, भगवान सिह पंवार, रघुवीर राणा, शैलेन्द्र करगेती आदि उपस्थित रहे।

## सू- दोकू क्र.85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.84 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |

# ध्वस्त होती कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

हमारे संवाददाता

अल्मोड़ा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वाहन पर प्रदेश में ध्वस्त होती कानून व्यवस्था तथा उत्तराखण्ड की बेटी अंकिता भण्डारी को न्याय दिलाने व दोषियों को फांसी की सजा दिये जाने तथा पूरे मामले की सीबीआई जांच कराये जाने की मांग को लेकर आज अल्मोड़ा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय के नेतृत्व में स्थानीय चौहानबाटा में प्रदेश की भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।



पुतला दहन से पूर्व कांग्रेस नेताओं ने जमकर प्रदर्शन करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार में महिलाओं पर अत्याचार की घटनायें लगातार बढती जा रही हैं। भाजपा सरकार में अपराधि यों को संरक्षण दिया जा रहा है। चीला बैराज स्थित भाजपा नेता के रिजार्ट में राज्य की बेटी अंकिता भण्डारी के साथ हुई जघन्य अपराध की घटना इसका जीता जागता उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।अपराधियों के मन में भय नाम की चीज नहीं है। अंकिता हत्याकांड का आरोपी भी भाजपा नेता का पुत्र है। कहा कि इस सरकार में हमारी बेटियां तक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अंकिता भण्डारी के हत्यारोपियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी की सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की भी मांग की है। प्रदर्शन एवं पुतला दहन में कांग्रेस जिलाध्यक्ष पीताम्बर पाण्डेय,महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चन्द्र जोशी,प्रदेश सचिव परितोष जोशी,जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक,जिला सचिव दीपांशु पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# साढ़े चार साल की मासूम के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

हमारे संवाददाता

काशीपुर। साढ़े चार साल की नाबालिग से दुष्कर्म मामले में पुलिस ने बालिका के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी अधेड़ बताया जा रहा है जो घटना के बाद से ही फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार काशीपुर के मोहल्ला कवि नगर में अधेड़ व्यक्ति ने मौहल्ले की ही एक नाबालिग साढ़े 4 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी परिजनों को लगी तो परिजनों ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया जा रहा है कि पीड़ित परिवार काशीपुर के मोहल्ला कवि नगर में किराए के मकान में रह रहा था। इस दौरान बीते रोज दोपहर करीब 2 बजे उनकी नाबालिग पुत्री के साथ जियालाल पुत्र पुत्र नामालूम ने बलात्कार किया और मौके से फरार हो गया। बच्ची के साथ हुई घटना का पता तब लगा जब बच्ची ने अपनी मां से दर्द होना बताया। पुलिस के अनुसार साडे 4 साल की बच्ची के साथ बलात्कार के मामले में पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी तलाश की जा रही है।

# अंतरविद्यालय हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रसिडेंसी इंटरनेशनल स्कूल ने बाजी मारी




संवाददाता

देहरादून। द हेरिटेज स्कूल में इस आज अभिव्यक्ति के अंतर्गत हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय निंदक नियरे राखिए आंगत कुटी छवाय था।

इस प्रतियोगिता में देहरादून की प्रसिद्ध स्कूलों ने जैसे ब्रुकलिन स्कूल, टच वुड स्कूल , राजा राममोहन राय शिवालिक इंटरनेशनल स्कूल, दून ब्लॉसम स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, न्यू दून ब्लॉसम स्कूल, द प्रेसिडेंसी इंटरनेशनल स्कूल, मार्शल स्कूल आदि के छात्र छात्राओं ने भाग लिया तथा द हेरिटेज विद्यालय मेजबान था।

इस प्रतियोगिता में निर्णायक गण सनराइज एकेडमी की श्रीमती मोनिका शर्मा और एन मैरी स्कूल की श्रीमती अल्का भार्गवा उपस्थित थी। जिसमें विजेता प्रेसीडेंसी इंटरनेशनल स्कूल और उपविजेता टचवुड स्कूल को ट्राफी और पुरस्कार दिए गए। सर्वोच्च वक्ता भूमिका (बिष्ट) टच वुड स्कूल को सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा स्कूल काउंसलर श्रीमती चारू चौधरी एवं स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ अंजू त्यागी द्वारा आए हुए अतिथि गणों एवं सभी अध्यापिका और प्रतिभागियों का आभार प्रकट किया गया। निर्णायक गणों को सम्मानित करते हुए विद्यालयों को स्मृति चिन्ह, गर्म शाल प्रदान किए गए एवं सभी विद्यालयों से आए हुए शिक्षक गणों को गर्म शाल देकर सम्मानित किया गया। अंत में डॉ अंजू त्यागी ने अध्यक्ष निदेशक का धन्यवाद दिया उनके प्रयास से ही यह कार्यक्रम सफल हुआ।

## अल्पसंख्यक मोर्चा ने पौधे वितरण किये

संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर अल्पसंख्यक मोर्चा ने लोगों को पौधे वितरण किये।

आज यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जन्मदिन पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर शकील ने अल्पसंख्यक मोर्चा आजाद कॉलोनी में अल्पसंख्यक समाज के साथ जन्मदिन मनाते हुए अर्चना, नीलम, अनीता बहुत बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं एवं कार्यकर्ता देश के प्रध नमंत्री नरेंद्र मोदी केजन्मदिवस पर भाजपा अल्पसंख्यकमोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इन्तजार हुसैन के निर्देश अनुसार पौधा वितरण कर अपने साथीयों के साथ भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे ने बड़ी धूम धाम से मनाया। मोदी के लिए लम्बी उम्र के दुआ की ओर मोदी को जन्मदिन की बध ई दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में क्षेत्रीय सक्रिय कार्यकर्ता मुख्य अतिथि अर्चना शर्वरी, नीलम, अनीता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बिलाल अहमद, रईस अंसारी, शहजाद मंसूरी, शाहिद अहमद, अच्छन भाई आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## शराब के साथ गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने शराब के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बसंत विहार थाना पुलिस ने अम्बीवाला के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके थैले से 48 पव्वे शराब के बरामद कर लिये।

# सीएम धामी ने वीर चंद्र सिंह गढ़वाली को दी श्रद्धांजलि



देहरादून (कासं)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे साहस एवं वीरता की प्रतिमूर्ति एवं महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की शौर्य गाथा सदैव हमारी स्मृतियों में जीवंत रहेगी।

# सड़क निर्माण में प्रयुक्त घटिया निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। राजधानी की नेशविला रोड से सम्बद्ध, 2 माह पूर्व निर्मित तथा अब क्षतिग्रस्त हो गई ओंकार रोड (मोटर वर्कशॉप से राणा प्रोविजनल स्टोर तक) के निर्माण में प्रयुक्त घटिया निर्माण सामग्री की जांच आईआईटी रुड़की से कराकर दोषी ठेकेदार/अभियंता के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग करते हुए संयुक्तनागरिक संगठन के द्वारा प्रमुख सचिव पीडब्लूडीआरके सुधांशु तथा मुख्यसचिव को भेजे गये ज्ञापन मे बताया गया है की उत्तराखंड की सड़कों में प्रयुक्त घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग होने पर सड़कें अपने निर्धारित 10 वर्ष की आयु से पूर्व ही कैंसर रोग का शिकार हो रही हैं। संबंधित ठेकेदार तथा अभियंताओं की कमीशन खोरी के कारण सड़कों का निर्माण भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मापदंडों के विरुद्ध हो रहा है और ओंकार रोड इसका उदाहरण है।राजधानी की संदर्भित रोड इसका एक उदाहरण मात्र है।संगठन सचिव सुशील त्यागी द्वारा,सड़क के एस्टीमेट के अनुरुप कोलतार की क्वालिटी,डामरीकरण में इसके मिश्रण की मात्रा, डामरीकरण की डेंसिटी,इसकी चौड़ाई मोटाई, डामरीकरण का आयतन तथा डामरीकरण में प्रयुक्त बजरी, रेत, मिट्टी आदि की गुणवत्ता, बनावट, साइज के साथ निर्माण की रियोलॉजिकल जांच कराने के साथ सड़क के पुनर्निर्माण की भी मांग की गई है।

## दुकान का ताला तोडकर एक लाख चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने दुकान का ताला तोडकर वहां रखे एक लाख रूपये चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुलडी मसूरी निवासी वीर सिंह ने मसूरी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी तिलक रोड पर जनरल मर्चेट की दुकान है। आज सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो उसने देखा कि उसकी दुकान का ताला टूटा हुआ था तथा गल्ले में रखे एक लाख रूपये गायब थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## केदारघाटी में 10 दिन के अंदर तीसरी... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

है कि केदारघाटी में जहां इस तरह के एवलांच की घटनाएं देखी जा रही हैं वह 23 हजार से अधिक ऊंचाई वाला क्षेत्र है। पहाड़ पर गिरने वाली बर्फ का फिसलना एक सामान्य प्रक्रिया है इसे लेकर अधिक चिंता करने की जरूरत नहीं है उनका कहना है कि फिर भी इसका पता लगाया जाएगा कि किन स्थिति व परिस्थितियों में ऐसी घटनाएं हो रही है। जहां तक इन घटनाओं के प्रभाव की बात है तो यह केदारनाथ मंदिर से 5 किलोमीटर की दूरी पर हुई है इसलिए धाम और यात्रियों के लिए कोई खतरा नहीं है।

# जाखन में किसके शह पर फुटपाथ पर सज रही हैं दुकानें

संवाददाता

देहरादून। जाखन क्षेत्र में फुटपाथ व सडक के किनारे सजने वाली दुकाने किसी शह पर लग रही हैं। इसमें स्थानीय पुलिस की भूमिका भी संदेह में है। जिसकी जांच होनी चाहिए।

जहां एक ओर पुलिस अधिकारी फुटपाथों को राहगीरों के लिए साफ रखने की अपील करते रहते हैं तो वहीं जाखन क्षेत्र में फुटपाथों पर ही फलों की व अन्य सामानों की दुकाने दिखनी आम बात हो गयी है। जहां देखों वहीं पर दुकाने सजी है तथा लोगों का तांता लगा हुआ है। जबकि जाखन क्षेत्र में सिनियर सिटीजन मार्निग वॉक व इवनिंग वॉक के लिए जब घर से निकलते हैं तो उनको फुटपाथ की जगह सडक पर चलना पडता है जिससे कई बार दुर्घटनाएं भी हो जाती है जिससे बुजुर्ग लोगों को दो चार होना पडता है। लेकिन स्थानीय पुलिस प्रशासन इस तरफ से आंखे मूंदे बैठा है। चाहे वह जाखन चौकी पुलिस हो या फिर राजपुर थाना पुलिस दोनों ही इस



तरफ से मुंह फेर कर बैठे हैं। जाखन चौकी से कुछ कदमों की दूरी पर ही फुटपाथ व सडक पर धडल्ले से दुकानें सुबह से ही सजने लगती हैं। यहां एक बात तो साफ हो जाती है कि बगैर स्थीनय पुलिस की मिलीभगत के यह दुकानें इतने आराम से नहीं चल सकती है। यहां कुछ ना कुछ तो है जोकि स्थानीय पुलिस की तरफ शक पैदा कर रहा है।

अब पुलिस अधिकारियों को चाहिए कि इस तरफ ध्यान दें तथा इन दुकानों को सजाने में जिसका भी हाथ हो उसके खिलाफ कार्यवाही कर फुटपाथ को लोगों के चलने के लिए खाली कराकर स्थानीय जनता को राहत दें।

# कांग्रेस का भी उत्तराखण्ड बंद को समर्थनः शर्मा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर उत्तराखण्ड बंद के ऐलान का कांग्रेस भी समर्थन करती है।

आज यहां एक बयान जारी करते हुए शर्मा ने कहा कि अंकिता भंडारी हत्या कांड को लेकर राज्यभर के तमाम जन संगठनों, व्यापार संघों उत्तराखंड बंद का ऐलान किया है। कांग्रेस पार्टी उत्तराखंड बन्द का समर्थन करती है। इस दौरान लाल चन्द शर्मा ने अंकिता मर्डर केस की न्यायिक जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रकरण में पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है। उन्होंने पुलिस के इस दावे को झूठा करार दिया कि अंकिता के परिवार को पोस्टमार्टम की कॉपी दे दी गई है। रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने से भी यह बात साफ हो गई है कि पुलिस ने साक्ष्य मिटाने का प्रयास किया था, पुलिस और प्रशासन इस मामले में लगातार लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा अंकिता हत्याकांड ने उत्तराखंड के जन मानस के मन में गहरा घाव दिया है। इस राज्य की लड़ाई में महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी की थी ताकि महिलाओं के विकास का राज्य बने। लेकिन आज अंकिता हत्याकांड ने राज्य की सरकारों की हकीकत जनता के सामने ला दी है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान को निकाली जन जागरुकता रैली

संवाददाता

नरेन्द्र नगर। सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के लिए जन जागरूकता रैली निकाल छात्रों ने प्लास्टिक मुक्त की शपथ भी ली।

आज यहां नरेन्द्र नगर विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत गजा के अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज गजा के प्रांगण में क्षेत्र के आधा दर्जन विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने एकत्रित हो कर सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान को सफल बनाने के लिए शपथ लेते हुए बाजार में विशाल रैली निकाली। नगर पंचायत गजा के आह्वान पर अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज गजा, शिखर स्कालर्स ऐकेडमी हाई स्कूल गजा, जूनियर हाईस्कूल गजा, ओमकारानंद जूनियर विद्यालय गजा,ओमकारानंद प्राथमिक विद्यालय गजा,के छात्र-छात्राएं इंटर कॉलेज गजा के प्रांगण में एकत्रित हुए, छात्र छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का संकल्प लिया, यहां पर छात्रों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत गजा अध्यक्ष श्रीमति मीना खाती ने कहा कि दशहरे के अवसर पर हमें प्लास्टिक मुक्त नगर पंचायत बनाने का संकल्प भी लेना है, श्रीमति मीना खाती ने कहा कि हमारी नगर पंचायत पालिथीन मुक्त हो इसके लिए सभी लोगों का सहयोग जरूरी है। नगर पंचायत गजा के अधिशासी अधिकारी हरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि स्वच्छ अमृत महोत्सव पर हमें भी स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि छात्रों के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है हमें अपने घर से लेकर शहर तक स्वच्छता का संदेश देना है। प्रगतिशील जन विकास संगठन गजा टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद उनियाल ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे ,यह हमारे जीवन के लिए घातक है, मिट्टी,पानी, और हवा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए प्लास्टिक का निस्तारण करना जरूरी है। इस अवसर पर अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज गजा, शिखर स्कालर्स ऐकेडमी हाई स्कूल गजा, ओमकारानंद जूनियर विद्यालय गजा, जूनियर हाईस्कूल गजा के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं',नगर पंचायत गजा के कर्मचारियों, पर्यावरण मित्रों ने छात्र छात्राओं के साथ रैली में प्रतिभाग किया,रैली का नेतृत्व नगर पंचायत गजा अध्यक्ष श्रीमति मीना खाती,व अधिशासी अधिकारी हरेंद्र सिंह चौहान, स्वच्छता अभियान ब्रांड एंबेसडर दिनेश प्रसाद उनियाल सहित सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्य व सदन प्रभारी छात्र कर रहे थे, स्वच्छता पखवाड़ा व स्वच्छ अमृत महोत्सव पर आयोजित इस रैली से पूर्व सभी विद्यालयों में सिंगल यूज प्लास्टिक जीवन के लिए जहर विषय पर निबंध व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, रैली में छात्र छात्राओं ने हाथों में स्वच्छता संदेश की तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए पूरे बाजार में लोगों को जागरूक किया। हजारों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया । समापन शहीद बेलमति चौहान स्मारक पर किया गया।



## एक नजर

# सितंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.47 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली। जीएसटी कलेक्शन के आंकड़ों में एक बार फिर उछाल आया है। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि सितंबर में जीएसटी कलेक्श्न 26 फीसदी बढ़कर 1.47 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। सितंबर महीने में सरकार के खजाने में कुल 1,47,686 करोड़ रुपये आए हैं।सितंबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू 1,47,686 करोड़ रुपये रहा। मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि




सितंबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी रेवेन्यू 1,47,686 करोड़ रुपये रहा है। यह लगातार सातवां महीना है जब जीएसटी कलेक्शन 1।40 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि अगस्त में कलेक्शन 1।47 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है जिसमें सीजीएसटी कलेक्शन 25,271 करोड़ रुपये, एसजीएसटी 31,813 करोड़ रुपये, आईजीएसटी 80,464 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्रित 41,215 करोड़ रुपये सहित) और सेस 10,137 करोड़ रुपये (वस्तुओं के आयात पर एकत्र किए गए 856 करोड़ रुपये सहित) है।

# मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिया राज्यसभा में विपक्ष के नेता पद से इस्तीफा

नई दिल्ली। राज्यसभा में विपक्ष के नेता पद से मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस्तीफा दे दिया है। बता दें कि कांग्रेस ने हाल ही में एक नेता एक पद का प्रस्ताव पास किया था। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस अध्यक्ष पद का चुनाव भी लड़ रहे हैं, ऐसे में उन्होंने राज्यसभा में विपक्ष के नेता के पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को अपना इस्तीफा भेज दिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया था। सूत्रों के मुताबिक, खड़गे के इस्तीफा देने के



बाद पी चिदंबरम या फिर दिग्विजय सिंह को राज्यसभा में इस पद की जिम्मेदारी दी जा सकती है। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए शुक्रवार को मल्लिकार्जुन खड़गे, शशि थरूर और केएन त्रिपाठी ने नामांकन दाखिल किया था। वहीं, जी-23 के नेताओं में शामिल पृथ्वीराज चव्हाण, मनीष तिवारी और भूपिंदर हुड्डा ने कहा है कि वे पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे की उम्मीदवारी का समर्थन करेंगे।

# पश्चिम ने भारत को लूटा, अब रूस को बनाना चाहते हैं गुलामः पुतिन

मास्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देशों ने भारत को लूटा और अब उनकी नजर रूस पर है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देश रूस के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने 37 मिनट के संबोधन में कहा कि मध्य युग में पश्चिम ने अपने औपनिवेशिक शासन की शुरुआत की। अमेरिका के लोगों का नरसंहार, भारत और अफ्रीका की लूट,



चीन के खिलाफ युद्ध, अफीम युद्ध। पश्चिम ने पूरे देश को ड्रग्स पर निर्भर बनाकर पूरे समूहों का नरसंहार कर दिया। वे जानवरों की तरह लोगों का शिकार करते थे। पुतिन ने कहा कि, यही सबके लिए पश्चिमी देश रूस को कॉलोनी बनाना चाहते हैं। हमें गर्व महसूस होता है कि 20वीं सदी में हमारे देश ने उपनिवेशवाद विरोधी आंदोलन का नेतृत्व किया, जिससे कई देशों को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने कहा हम भयानक 90 के दशक को याद करते हैं, जो भूख, ठंड और निराशा से भरा था। लेकिन रूस दृढ़ रहा, पुनर्जीवित हुआ, मजबूत हुआ और फिर से दुनिया में अपनी सही जगह ले ली। पुतिन ने पश्चिम देशों पर जर्मनी में रूसी गैस पाइपलाइनों में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया। पुतिन ने कहा कि डोनबास के लोगों ने आठ साल तक नरसंहार, गोलाबारी और नाकाबंदी का सामना किया है।

## सीएम ने किया वाइल्ड लाइफ वीक का शुभारंभ

# वन्यजीवों की सुरक्षा भी हमारा दायित्वः धामी

विशेष संवाददाता

देहरादून। वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के उद्देश्य से मनाए जाने वाले वाइल्डलाइफ वीक का शुभारंभ करते हुए आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वन्यजीवों की सुरक्षा व संरक्षण की हम सभी की जिम्मेवारी है। यह सप्ताह 7 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश भर में वन्य जीव संरक्षण और सुरक्षा के प्रति आम लोगों को जागरूक बनाने के लिए अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों व गोष्ठी आदि का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि मानव समाज के विकास के लिए प्रकृति का संतुलन अत्यंत ही जरूरी है। जिन वन्यजीवों को हम कई बार अनुपयोगी मानते हैं प्रकृति के संतुलन में उस हर जीव का कहीं न कहीं



**●कार्बेट पार्क प्रशासन ने निकाली साइकिल रैली**
**●नैनीताल में भी आयोजित की मैराथन दौड़**

बड़ा योगदान होता है। जिसे जानने व समझने की जरूरत है उन्होंने कहा कि कई बार हम देखते हैं कि अमुक जीव दिखाई नहीं देता या विलुप्त हो गया जैसे टाइगर विलुप्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि बीते समय में और भी कई जीवो के विलुप्त होने की खबरें आती रही हैं जो ठीक नहीं है।

उन्होंने कहा कि हमने देखा है कि पिछले कुछ दशकों से मानव व वन्यजीवों के बीच संघर्ष की घटनाएं भी बढ़ी हैं उन्होंने कहा कि इनके पीछे कुछ न कुछ कारण अवश्य होते हैं। जैसे जंगलों में मानवीय दखल का बढ़ना या वन्यजीवों को खाने और पानी का संकट आदि का होना, उत्तराखंड में वन्यजीवों के हमले बढ़े हैं। हमारी माताओं और बहनों को कई बार इन हमलों में अपनी जान गंवानी पड़ती है इन संघर्षों के पीछे के कारण तलाशे जाने चाहिए। मुख्यमंत्री धामी ने वन्यजीव संघर्ष में जान गंवाने वालों के लिए 5 लाख के मुआवजा व घायलों को 50 हजार की सहायता देने की बात कही। इस अवसर पर आज जहां नैनीताल में एक मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया वहीं नेशनल कॉर्बेट पार्क प्रशासन द्वारा एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया।

## आरोपियों से सघन पूछताछ जारी

### अंकिता मर्डर केस में कयास बाजी न करेंः रेणुका

विशेष संवाददाता

देहरादून। अंकिता भंडारी मर्डर केस की जांच कर रही एसआईटी टीम का नेतृत्व कर रही रेणुका देवी का कहना है कि उनकी टीम द्वारा इस पूरे मामले की सघन जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उन्हें मीडिया के सामने समय आने पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कयासों के आधार पर इस मामले में बयानबाजी नहीं करनी चाहिए इससे भ्रम की स्थिति पैदा होती है। उन्होंने कहा कि हमने कल तीनों आरोपियों को रिमांड पर लिया है और उनसे सघन पूछताछ की जा रही है पूरे घटना की तथ्यात्मक जांच जारी है और जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उन्हें सबके सामने रखा जाएगा। इस बीच बीती रात एसआईटी टीम द्वारा आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर क्राइम सीन को दोहराने की बात भी सामने आई है तथा आरोपियों को वनंत्रा रिजॉर्ट भी ले जाने की बात कही गई है। मृतका अंकिता के दोस्त पुष्प को भी आरोपियों के सामने बैठाकर एसआईटी टीम ने पूछताछ की है। आरोपी कल शाम तक पुलिस रिमांड में हैं देखना है कि उनसे पूछताछ के क्या नतीजे आते हैं।

## मोटरसाईकिल की टक्कर से महिला घायल

संवाददाता

देहरादून। मोटरसाईकिल की टक्कर से महिला घायल हो गयी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तेगबहादुर रोड निवासी शक्ति सिंह ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी घर के बाहर टहल रही थी तभी एक मोटरसाईकिल सवार ने तेजी व लापरवाही से मोटरसाईकिल चलाते हुए उसकी पत्नी को टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गयी।

# लापता युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका जांच में जुटी पुलिस



हमारे संवाददाता

चम्पावत। पाटी कस्बे के बिसारी निवासी लापता युवक का शव पुलिस ने आज पाटी के रामलीला मैदान और वन विभाग के बीच बने एक अवैध टिनसेट से बरामद किया है। हत्या की आंशका के मद्देनजर पुलिस जांच में जुटी है।

बता दें कि बिसारी निवासी मोहित बीते 24 सितंबर से लापता था, जिसकी गुमशुदगी 28 सितंबर को थाना पाटी में दर्ज की गई थी। पुलिस ने आज सुबह ही मोहित का शव रामलीला मैदान व वन विभाग के बीच बने एक अवैध टिनसेट से बरामद किया है।

जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा ने मौके पर पहुंचकर आक्रोश व्यक्त कर रहे क्षेत्रीय लोगों से उचित न्याय की बात कही है। मौके पर मौजूद सैकड़ों क्षेत्रीय लोगों ने इस मामले में दोषियों को फाँसी देने की मांग की है। वहीं सूंत्रों का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया है जिनसे पुलिस पूछताछ में जुटी हुई है।

## मारपीट में पत्नी सहित तीन के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पत्नी सहित ससुराल पक्ष के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अद्वेतानन्द मार्ग निवासी राजा पासवान ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी ज्योति सक्सेना अपने भाई तुषार सक्सेना, रेखा सक्सेना निवासी वनखण्डी के साथ उसके घर पर आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर उसको घायल कर दिया तथा जाते-जाते उसको जान से मारने की धमकी देकर गये हैं।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*